IDM
CIN: L72300DL1977PLC008782
International Data Management Ltd.
Registered Office : 806, Siddhartha, 96, Nehru Place, New Delhi - 110019,
Tel. : 011-26444812
Email: idmcomplianceofficer@gmail.com www.idmlimited.in

August 14, 2026

BSE Limited
Phirojze Jeejeebhoy Towers
27th Floor, Dalal Street
Mumbai – 400001

**Sub.: Publication of Un-audited Financial Results in the Newspaper for the Quarter ended 30th June 2026**

Dear Sirs,

Further to our letter dated August 13, 2026 regarding the approval of un-audited Financial Results for the Quarter ended June 30, 2026, please find appended herewith the copies of un-audited Financial Results for the Quarter ended June 30, 2026 published in two newspapers, Veer Arjun and Financial Express on August 14, 2026.

Please take the above information on record.

Thanking you,

Your faithfully,
For **International Data Management Limited**

Pradeep Tahiliani Digitally signed by Pradeep Tahiliani Date: 2026.08.14 13:27:26 +05'30'

**Pradeep Tahiliani**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**ACS18570**

Enclosed as above

# दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ाई

नई दिल्ली, (वीअ)। स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस ने समूची राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। कार्यक्रमों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए गश्त, वाहन जांच, ड्रोन निगरानी और मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

शहर की सीमाओं, भीड़भाड़ वाले बाजारों, मॉल, होटल, सार्वजनिक जगहों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा से लगती आया नगर सीमा पर बृहस्पतिवार को पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात किए गए और शहर में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं पर कड़ी नजर रखते हुए पुलिस टीमों ने कई जिलों में गश्त और एहतियाती जांच भी तेज कर दी है। पूर्वी दिल्ली में पुलिस संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन जांच कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, यमुना खादर और अन्य संवेदनशील हिस्सों के साथ-साथ यमुना नदी की निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि बाजारों, मॉल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। बड़ी सभाओं और कानून-व्यवस्था के समक्ष संभावित चुनौतियों से निपटने की तैयारी के तहत, उत्तर-पूर्वी दिल्ली जिला पुलिस ने भीड़ प्रबंधन पर एक व्यापक मॉक ड्रिल की। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राहुल अलवल ने बताया कि सभी थानों के प्रभारियों और लगभग 200 पुलिस कर्मियों ने उस अभ्यास में हिस्सा लिया, जो आंदोलन, प्रदर्शन, हिंसक विरोध और दंगा जैसी स्थितियों पर समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर केंद्रित था। अलवल के अनुसार, कर्मियों को भीड़-नियंत्रण उपकरणों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें पानी की बौछारें, वज्र वाहन और आंसू गैस की बंदूकें शामिल हैं। उन्होने बताया कि अभ्यास में सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखते हुए अनियंत्रित भीड़ को प्रभावी ढंग से तितर-बितर करने के तरीकों की जानकारी दी गई और टीम समन्वय तथा त्वरित प्रतिक्रिया पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। इस बीच, सख्त सुरक्षा उपायों के चलते उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में पिस्तौल से लैस एक अपराधी को पकड़ा गया।पुलिस ने कहा कि मुखर्जी नगर थाने के कर्मियों ने बुधवार शाम एक संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया। जिले की डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि गाड़ी के चालक और उसमें सवार एक अन्य व्यक्ति ने कथित तौर पर वाहन छोड़ दिया और भागने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जिसकी पहचान उत्तर प्रदेश के बागपत निवासी 27 वर्षीय सलमान के रूप में हुई, जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा।

यादव ने कहा कि सलमान के पास से एक स्वचालित पिस्तौल और 10 कारतूस बरामद किए गए, जबकि वाहन के डैशबोर्ड में पांच अतिरिक्त कारतूस पाए गए, जिससे कुल बरामदगी 15 कारतूस हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी लूट और झटमारी के मामलों में शामिल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने टीमों को 15 अगस्त तक कड़ी सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया है। साथ ही रणनीतिक स्थानों पर निवारक जांच और निगरानी की जा रही है।

# पीसीसीएम पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। नॉर्दर्न रेलवे ने जून 2026 के दौरान कमर्शियल, कैटरिंग और यात्री-सेवा से जुड़ी गतिविधियों में बेहतरीन काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए 13 अगस्त 2026 को एक पुरस्कार/सम्मान समारोह आयोजित किया।

पीसीसीएम एनआर प्रवीण पांडे ने इन अधिकारियों को उनके बेहतरीन काम के लिए सम्मानित किया। कमर्शियल गतिविधियों (स्क्वाड, स्टेशन, ट्रेन मैनिंग, यात्री सेवा) में शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित होने वालों में शामिल थे: श्याम बिहारी यादव, सिमरनजीत सिंह, विपिन तिवारी, दिनेश कुमार मिश्रा, हरकेश मीणा, रवींद्र यादव, और अनिल कुमार, जितेंद्र कौशिक, सीएमआई/मार्केटिंग को



प्रशंसा पत्र दिया गया।

श्री पीयूष सागर, सीसीटीसी/जेयूसी (एफजेडआर) को जेआरसी पर रेलवे विजिलेंस इंस्पेक्टर बनकर आए एक व्यक्ति को पकड़ने में उनकी सतर्कता और बेहतरीन यात्री सेवा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन कमर्शियल टीटीई कर्मचारियों की समर्पित कोशिशों से जून 2026 के दौरान नॉर्दर्न रेलवे को ?64,25,380 की कमाई हुई, जो रेवेन्यू बढ़ाने और यात्री सेवा में उनकी प्रतिबद्धता, सतर्कता और कुशलता को दिखाता है।

# दिल्ली में नवगठित गैंगलैंड गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली, (वीअ)। उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित एक नवगठित गिरोह के तीन कथित शूटर को दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान गिरोह के सरगना कान्हा सिंह जादौन उर्फ कान्हा ठाकुर (26), सूरज (24) और वल्लभाचार्य (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, फरार गैंगस्टर रोहित गोदारा के कथित समर्थक इन तीन लोगों को 29 और 30 जुलाई की दरम्यानी रात द्वारका में पकड़ा गया। उस समय वे एक एसयूवी कार में घूम रहे थे और संभावित शिकार की तलाश कर रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके कब्जे से तीन पिस्तौल बरामद की गईं, जिनमें एक स्वचालित पिस्तौल और दो देसी कट्टे और 11 कारतूस शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ़गैंगलैंड़ नामक गिरोह के सदस्य हैं, जो हाल में मथुरा में बना है और इसका सरगना जादौन है। पुलिस ने कहा कि गिरोह के सदस्यों ने सोशल मीडिया पर अपनी आपराधिक गतिविधियों को कथित तौर पर प्रदर्शित किया और बाद में रोहित गोदारा गिरोह को फॉलो करना शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा, ़विशेष प्रकोष्ठ ने गिरोह की गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी जुटाई थी और पता चला कि इसके सदस्य दिल्ली-एनसीआर में ऐसे कार्यालयों और वाहनों सहित आसान लक्ष्य की तलाश में थे, जहां वे गोलीबारी कर सकें और लोगों को रंगदारी के लिए डरा सकें़ उन्होंने कहा कि एक विशिष्ट जानकारी के आधार पर, द्वारका में जाल बिछाया गया और तीन लोगों को पकड़ लिया गया। मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच शुरू की गई। पुलिस ने कहा कि जयपुर के सुबोध कॉलेज से स्नातक जादौन का जन्म मथुरा में हुआ और बाद में वह अपने परिवार के साथ जयपुर चला गया। उसने कथित तौर पर मथुरा के भूषण के साथ गैंगलैंड गिरोह का गठन किया और इसमें सूरज और वल्लभाचार्य को शामिल किया। जादौन के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं, जिनमें जयपुर में हत्या और शस्त्र अधिनियम के मामले शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि 2023 में जादौन और उसके सहयोगियों ने शहर में सुपारी लेकर कथित रूप से एक व्यक्ति की वाहन से कुचलकर हत्या कर दी थी।

# रेलवे की टीम ने 50 टन तांबा जब्त किया

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने रेलवे अधिकारियों के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में बिना वैध ई-वे बिल और इनवॉइस के मालगाड़ी से ले जाए जा रहे लगभग 50 टन अवैध तांबे और दो टन एल्युमीनियम सिल्लियों को जब्त किया है। बृहस्पतिवार को जारी एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, जब्त किए गए तांबे की अनुमानित कीमत लगभग छह करोड़ रुपये है, जबकि एल्युमीनियम सिल्लियों की कीमत लगभग चार लाख रुपये है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, पार्सल कार्गो एक्सप्रेस ट्रेन की जांच के दौरान, छापेमारी करने वाली टीम को पता चला कि कर्नाटक के यशवंतपुर से चली ट्रेन के तीन वैगन में बिना वैध दस्तावेजों के ये धातुएं लदी हुई थीं।

# पुरानी रंजिश के चलते 45-वर्षीय व्यक्ति की हत्या, पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली, (वीअ)। राष्ट्रीय राजधानी के कंझावला इलाके में 22-साल पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति की कथित रूप से कार से कुचलकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस बाबत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, इससे पहले भी 45-वर्षीय दीपक डबास की हत्या करने की दो बार कोशिश की गई थी। एक बार उसके भाई के घर के बाहर गोलीबारी कराई गई थी और दूसरी बार दो जुलाई को एक कार से उसे टक्कर मारी गई थी। इन दोनों हमलों में दीपक बच गया था।

रोहिणी के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) शशांक जायसवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब ये प्रयास विफल रहे, तो साजिशकर्ताओं ने एक और प्रयास किया, जिसके कारण 16 जुलाई को दीपक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि हत्या की इस साजिश के पीछे 22 साल पुरानी रंजिश थी, जिसकी शुरुआत दीपक द्वारा आरोपी की बहन को कथित तौर पर परेशान करने से हुई थी। पुलिस ने बताया कि इस मामले का मुख्य आरोपी पवन उर्फ जगपाल डबास (45) है। पुलिस ने पवन को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस जांच शुरू होने के बाद से दीपक की मौत के मामले में चार अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी ने बताया कि यह मामला 16 जुलाई को उस समय प्रकाश में आया जब कंझावला थाने को चांदपुर माजरा के पास एक खेत में एक एसयूवी के पास शव के पड़े होने की सूचना दी गई।

# बरसाती पानी में डूबने से दो लड़कों की मौत

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली के नरेला इलाके में बृहस्पतिवार को नौ और 11 साल के दो लड़के बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना नरेला में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की सोसाइटी के पास हुई, जहां बवाना के रहने वाले दो बच्चे कथित तौर पर खेलने और तैरने के लिए पानी से भरे गड्ढे में उतरे थे।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। बच्चों को गड्ढे से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र (एसआरएचसी) अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने कहा कि घटना के संबंध में कानूनी कार्वाई शुरू कर दी गई है, आगे की जांच जारी है।

यह घटना राष्ट्रीय राजधानी में बारिश के बीच हुई है, जिससे कई इलाकों में जलभराव और बारिश का पानी एकत्र हो गया है।

जांच के तहत बच्चों के गड्ढे में उतरने की सटीक परिस्थितियों और उनके डूबने से पहले की घटनाओं के क्रम का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि जांच आगे बढ़ने पर और जानकारी सामने आएगी।

# फेडरेशन ऑफ पंजाबी एसोसिएशन के संकल्प समारोह में उमड़ा पंजाबी समाज

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नोएडा। फेडरेशन ऑफ पंजाबी एसोसिएशन द्वारा 12 अगस्त 2026 को आयोजित भव्य संकल्प समारोह में पंजाबी समाज की एकता, संगठन और सामाजिक शक्ति का अ)त प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में देशभर से पंजाबी समाज के गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं विभिन्न पंजाबी संगठनों के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना रहे। समारोह में पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. जगदीश मुखी, हरियाणा





विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा, सांसद डॉ. महेश शर्मा, सहारनपुर विधायक राजीव गम्बर, आदर्श नगर विधायक राजकुमार भाटिया, विधायक चंद्र शर्मा, राज्य मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, डीडीआरडब्लूए अध्यक्ष एन.पी. सिंह, रवि मिश्रा, अशोक चौहान, नोएडा मीडिया क्लब अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, संजय बाली, त्रिलोक शर्मा, नवीन गुप्ता, टी.एन. गोविल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

# मुठभेड़ में कुख्यात बदमाश घायल

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली पुलिस द्वारा पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर राष्ट्रीय राजधानी लाए जा रहे एक कुख्यात आरोपी ने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीनकर गोलीबारी कर दी। इस घटना में एक उपनिरीक्षक घायल हो गया, जबकि जवाबी कार्वाई में आरोपी भी जख्मी हो गया।उत्तर-पश्चिमी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आकांक्षा यादव ने बृहस्पतिवार को बताया कि जहांगीरपुरी इलाके में जुलाई में हुई हत्या के मामले में वांछित आरोपी वसीम अकरम उर्फ लंबू (29) ने 11 अगस्त की देर रात ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाए जाते समय उत्तर प्रदेश के मथुरा में शौच के बहाने पुलिस वाहन रुकवाया और एक कांस्टेबल की पिस्तौल छीन ली।

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण, कपासन, जिला चित्तौड़गढ़**
पंचायत समिति परिसर, स्टेशन रोड़, कपासन जिला–चित्तौड़गढ़
Email: aenwdsc.kapasan@rajasthan.gov.in

क्रमांकः खण्ड / कपासन / निविदा / 2026–27 / 108 दिनांक: 05 / 06 / 2026

**ई-निविदा सूचना (01/2026-27)**
(NIB Code: WSC2627A0881)

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के तहत कार्यालय अधीन संचालित परियोजना / पंचायत समिति क्षेत्रों में राशि रू. 3.4 लाख, रू. 6.76 लाख, रू. 74.5 लाख, रू. 0.99 लाख, रू. 23.6 लाख, रू. 34.63 लाख, रू. 14.59 लाख, रू. 50.94 लाख, रू. 38.73 लाख, रू. 17.44 लाख व रू. 60.75 लाख के कुल 11 पैकेज में वर्णित कार्यो का डिफेक्ट लाईबिलीटी अवधि सहित सम्पादन कराने के लिये उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार के विभागों / अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों से eproc.rajasthan.gov.in पर ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन ई–निविदाएं दिनांक 17.08.2026 को सांय 6 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण एवं शर्तें उक्त पोर्टल एवं sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर UBN : WSC2627WSOB01606, WSC2627WSOB01607, WSC2627WSOB01609, WSC2627WSOB01611, WSC2627WSOB01611, WSC2627WSOB01612, WSC2627WSOB01613, WSC2627WSOB01614, WSC2627WSOB01615, WSC2627WSOB01616 and WSC2627WSOB01617 तक देखी जा सकती है।

हस्ता / –
अधिशाषी अभियन्ता
जलग्रहण विकास एवं भू–संरक्षण,
पंचायत समिति कपासन

DIPR/C/14171/2026

# विभाजन विभीषिका दिवस पर आज विशेष आयोजन

गुड़गांव, (प्राण शर्मा)। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा के पूर्व कृषि मंत्री श्री ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि 1947 का विभाजन केवल देश के भूगोल का बंटवारा नहीं था । बल्कि यह करोड़ों भारतीयों के हृदय पर लगा ऐसा घाव था। जिसकी टीस आज भी बाकी है। कांग्रेस और मुस्लिम लीग के तत्कालीन नेतृत्व की राजनीतिक जल्दबाजी, अदूरदर्शिता और परिस्थितियों को संभालने में विफलता की कीमत लाखों निर्दोष लोगों को अपने प्राण, घर-बार और सम्मान खोकर चुकानी पड़ी। गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को उस काले अध्याय को कभी नहीं भूलना चाहिए। हमारे बुजुर्गों ने विभाजन के दौरान असंख्य बलिदान दिए। हजारों परिवार बिछड़े, लाखों लोग अपनी पुरखों की जमीन और घर छोड़कर शरणार्थी बने तथा माताओं-बहनों ने ऐसी अमानवीय यातनाएं झेलीं जिन्हें शब्दों में व्यक्त करना भी कठिन है। इस विभाजन के कारण लाखों लोगों को अपनी जड़ों से उखड़कर नई जगहों पर जीवन दोबारा शुरू करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आजादी के संघर्ष और विभाजन की त्रासदी में असंख्य ऐसे नायक और सामान्य भारतीय भी थे, जिनके त्याग और





बलिदान को इतिहास में वह स्थान नहीं मिला। जिसके वे अधिकारी थे। दशकों तक देश की नई पीढ़ी के सामने इतिहास का अधूरा पक्ष रखा गया। कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि विभाजन की विभीषिका, विस्थापित परिवारों की पीड़ा और अनाम बलिदानियों की अनेक गाथाओं को राष्ट्रीय विमर्श में समुचित स्थान क्यों नहीं मिला। श्री धनखड़ ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का उद्देश्य किसी के प्रति घृणा पैदा करना नहीं है ।

बल्कि सत्य को याद रखना और उन अनाम लोगों को श्रद्धांजलि देना है। जिन्होंने विभाजन की कीमत चुकाई। इतिहास को भूलने वाली पीढ़ियां अक्सर उसकी गलतियों को दोहराने का जोखिम उठाती हैं। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन, माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, माननीय केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

**इंटरनेशनल डाटा मैनेजमेंट लिमिटेड**
सीआईएन: L72300DL1977PLC008782
पंजीकृत कार्यालय: 806, सिद्धार्थ, 96, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
फोन: 011–26444812; ई–मेल: idmcomplianceofficer@gmail.com; वेबसाइट: www.idmlimited.in

**30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**
**[सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 47(1) के अनुसरण में]**

**30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम का सारांश** (रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन – समाप्त तिमाही 30.06.2026 (अलेखापरीक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2026 (लेखापरीक्षित) | समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष की तिथि तक 30.06.2026 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष की तिथि तक 30.06.2025 (अलेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31.03.2026 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक और / या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व) | (7.23) | (4.03) | (5.05) | (7.23) | (5.05) | (13.87) |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और / या अतिविशिष्ट मदों के बाद) | (7.23) | (4.03) | (5.05) | (7.23) | (5.05) | (13.87) |
| 4 | कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और / या अतिविशिष्ट मदों के बाद) | (7.23) | (4.03) | (5.05) | (7.23) | (5.05) | (13.87) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ / (हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल] | (7.23) | (4.03) | (5.05) | (7.23) | (5.05) | (13.87) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 220.00 | 220.00 | 220.00 | 220.00 | 220.00 | 220.00 |
| 7 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाये गये अनुसार | – | – | - | - | - | (657.60) |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रु. 10 / – प्रत्येक) (चालू एवं बंद प्रचालनों के लिए) 1. मूलः | (0.33) | (0.18) | (0.23) | (0.33) | (0.23) | (0.63) |
| | 2. तनुकृतः | (0.33) | (0.18) | (0.23) | (0.33) | (0.23) | (0.63) |

**टिप्पणी:**
1. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल तिमाही वित्तीय / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.idmlimited.in उपलब्ध है।
2. कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसरण में 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
3. उपरोक्त परिणामों की 13 अगस्त 2026 को आयोजित अपनी संबंधित बैठकों में लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल की बैठक में रिकार्ड में लिया गया है तथा कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा समीक्षा की गई है।
4. जहां आवश्यक हो, पूर्व वर्ष / अवधि के आंकड़ों को पुनर्समूहीकृत / पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

कृते इंटरनेशनल डाटा मैनेजमेंट लिमिटेड
हस्ता. / –
सुनील कुमार श्रीवास्तव
निदेशक
डीआईएन: 00259961

स्थानः नई दिल्ली
दिनांक: 13 अगस्त, 2026

# गुरुग्राम: आवासीय सोसाइटी की लिफ्ट में गोली चली, जांच जारी

गुरुग्राम (वीअ) हरियाणा में गुरुग्राम के सेक्टर-52 की एक आवासीय सोसाइटी की लिफ्ट के अंदर कथित तौर पर गोली चलने की घटना सामने आई, जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गयी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जब निवासियों ने लिफ्ट को नुकसान पहुंचा देखा और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तब यह घटना सामने आई।प्रशांत कोऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी के प्रबंधन ने सेक्टर-53 थाने में शिकायत दर्ज कर मामले की जांच और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। सोसाइटी के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह की ओर से बुधवार को दी गई शिकायत के अनुसार, आठ अगस्त की रात करीब एक बजे अज्ञात लोगों ने लिफ्ट के अंदर गोली चलाई। शिकायतकर्ता ने कहा कि इस घटना से सोसाइटी के निवासियों में डर और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण डीडवाना-कुचामन**

क्रमांक : WCDC / निविदा / MJSA–2.0 / 2026–27 / दिनांक:

**ई-निविदा सूचना संख्या- 06/MJSA-2.2/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जलग्रहण विकास एवं भू–संरक्षण विभाग जिला डीडवाना–कुचामन में MJSA–2.0 द्वितीय चरण अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों के कुल 05 पैकेज टांका / आरटीडब्ल्यूएचएस / फार्मपौण्ड निर्माण कार्य के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्व. निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिंचित क्षेत्र विकास में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा दिनांक 24.08.2026 को सांय 06.00 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण "https://sppp.rajasthan.gov.in", "https://eproc.rajasthan.gov.in" वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

NIBCODE: WSC2627A0857
UBNNo: WSC2627WSOB01540, WSC2627WSOB01541, WSC2627WSOB01542 WSC2627WSOB01543, WSC2627WSOB01544
DIPR/C/14043/2026

हस्ता / –
अधीक्षण अभियंता
जलग्रहण विकास एवं भू–संरक्षण
डीडवाना–कुचामन

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त सलुम्बर**

क्रमांकः अ.अ. / टी.एस / 2026–2027 / डी– 628–34 दिनांक: 06.08.2926

**निविदा संख्या – 01 / 2026–2027**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के पात्र श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का विवरण | कुल 11–पैकेज |
| अनुमानित लागत (लाखों में) | 1371.90 Lacs. |
| निविदा विक्रय दिनांक | दिनांक 12.08.2026 से दिनांक 31.08.2026 |
| डी.डी. / बैंकर्स चैक जमा कराने की तिथि | दिनांक 01.09.2026 सायं 4.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 02.09.2026 प्रातः 11.00 बजे से |

निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट https://dipr.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जावेगी।

NIB: PWD2627A2049
UBN: PWD2627WSOB09019-09022-09024-09027-09028
UBN: 09029-09030-09032-09033-09041-09044
DIPR/C/14380/2026

हस्ता / –
अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि., वृत्त सलुम्बर

**In The court of**
**Dr. Pankaj Sharma, District Judge-02 & Waqf Tribunal (New Delhi District), Room No. 22, Main Bldg. Patiala House Courts, New Delhi.**
**Case No. PC/28/2025**
**NDOH : 22.08.2026**

1. Amandeep Singh Mehandru R/o-1104, Kshitiz Tower, The GE Links CHS Ltd. Ram Mandir Road, Goregaon (West), Mumbai-400104, Maharashtra.
.........Petitioner/s
Vs
1. State (Government of NCT of Delhi)
2. D.S Mehandru S/o Late Sh. P.S. Vehandru H. No. G-39, Second Floor, Naraina Vihar, New Delhi-28
3. Kanwaldeep Kohli W/o H.S. Kohli I-59, First Floor Kirti Nagar, New Delhi-15
......Respondentis
The defendants above named.

Whereas a petition under section 276 of the Indian Succession Act 1925 for the grant of Probatel/Letters of Administration to the petitioner in respect of the movable and immovable property of the estate of Late Sh. P.S. Mehandru.
Notice is hereby given to the general public that any person having objection to the Grant of Letter of Administration/Probate in his favour in respect of the estate of the deceased particularly.
1. Property No EG-90 2nd Floor, Inderpuri, New Delhi-110012.
2. Plat No. 7 Sector 18-A , Dwarka Phase-II, New Delhi-110075.
3. Jewellery articled lying in the Custody of the respondent No 2.
4. Savings Bank A/c No . 15530100000874 with UCO Bank Delhi High Court. New Delhi and fixed deposites maintained with the same Bank.
5. Savings Bank A/c No. 10011570007809 with Indian Bank, Inderpuri, New Delhi-12.
may file the same in the court personally or through counsel on or before the next date of hearing **22.08.2026.**
Given under my hand and the seal of the court on the **20th day of July 2006.**

**SealSd/-**
**DJ-02 & Waqf Tribunal (NDD), Main Bldg. Patiala House Courts, New Delhi.**

**वीर अर्जुन**
**वर्गीकृत विज्ञापन**

**Change of Name**

I hitherto known as Imran Khan alias Muqeem alias Mohd Muqem alias Mohd Muqeem S/o Rehmat Khan R/o 1041, Phatak Mufti Walan, Tiraha Behram Khan, Darya Ganj , Central Delhi-110002, have changed my name and shall hereafter be known as Imran Khanr.
**C-41166**

e] idt dekj] i= Jh Hkxr flg efyd] fuoklh edku l[;k 114] bæk d,ykuh] ujyk] fnYyh&110040] dk uke l tkuk tkrk Fkk] eu viuk uke cny fy;k g vkj vc l e idt dekj efyd dk uke l tkuk tkÅxkA **C-41166**

**Public Notice**

I, Nutan Kumar Ghai, S/o Late Dev Raj Ghai, R/o H.No. 5/23 Krishna Nagar, East Delhi, New Delhi-110051, have lost my Propertie's original Sale Deed Papers (Plot No. H-No 5/23, Krishna Nagar Delhi-110051. Plot area 269.8/10sq yards. Sale deed excuted on 22/11/1963, as documents No. 10655, In add. book No. I, Volume No. 1012, on Pages 40 to 42, Dated 05/12/1963, In the office of Sub registrar V, Delhi) from My Home Shop. Use of these Papers are illegal if anybody find please return at above address.
**Mr. Nutan Kumar Ghai.**

**In The Court of**
Sh. Sudesh Kumar, District Judge (Commercial-04), Digital (South), Room No. 29, 2nd Floor, New Building, Block-II, Saket Courts, New Delhi.
Proclamation Requiring Attendance of Defendant
**Case Reg. No.: Cs (Comm)/495/2025**
Bank of Maharashtra
...........Plaintiff
Vs
Harjinder Kaur
.....Defendant
**To,**
**Smt. Harjinder Kaur** W/o Sh. Bhupinder Singh, R/o F-12/11, 3 Floor, Near Shiv Mandir, Malviya Nagar, New Delhi-110017.
The defendants above named.
Whereas you are intentionally evading service of summon, it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **24.09.2026 10:00 A.M.** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the Court on **06.08.2026.**

**SealSd/-**
**District Judge (Commercial), Digital-04 (South), Saket Courts, New Delhi.**

